तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 3 जुलाई 2025



14 शहर के पुराने शासकीय अनुपयोगी भवन ...



14 आरंभ पब्लिक स्कूल में मनाया गया ...

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने मुखबिर सूचना पर नेशनल हाईवे 353 रोड सब्जी मंडी बागबाहरा के सामने में आरोपी खेमराज धृतलहरे पिता हरप्रसाद धृतलहरे (34) खोपली थाना बागबाहरा के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी से 20 पौवा देशी प्लेन शराब देशी प्लेन शराब कीमत 1800 रुपए को जब्त कर धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** भालूपतेरा में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी दीपक बंजारा पिता जगदीश बंजारा (22 के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### पटाखा फोड़ने की की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गोपालपुर में बारात में आए लोगों के साथ मारपीट की घटना हो गई। पुलिस को प्रार्थी मुकेश यादव निवासी ग्राम देवगांव थाना राजादेवरी जिला बलौदाबाजार ने बताया कि 1 जुलाई को गांव के दोस्त डमरूलाल बरिहा की बारात में ग्राम गोपालपुर आये थे, दोपहर करीबन 3 बजे बाराती स्वागत के समय बारात में आये बच्चे पटाखा फोड़ रहे थे। इस बात को लेकर ग्राम गोपालपुर के रितेश उर्फ बलराम यादव एवं उसके अन्य साथियों के द्वारा पटाखा क्यों फोड रहे हो कहकर गाली देते हुए मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### गाली गलौज कर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पतेरापाली में मारपीट की घटना में आरोपियों के खिलाफ सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को श्रीराम साहू पिता नंदकुमार साहू (29 साल) ने बताया कि 1 जुलाई की दोपहर 3 बजे गांव का यशवंत साहू उसके घर के सामने आकर पड़ोसी से गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया। गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट कर दी।

# आरटीआई के तहत दूसरे चरण में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू, 12 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत दुसरे चरण में आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिले में निजी स्कूल आरटीआई के तहत 217 स्कूल है। जिसमें बीपीएल परिवारों के बच्चों के लिए सीटें आरक्षित होती है। आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत 2025 –26 में निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए कुल 3029 सीटें केजी-1 में आरक्षित हैं। यह सीटें निजी स्कूल हैं, जिसमें पहले चरण में कुल 1453 बच्चों का चयन हुआ। लेकिन, 1303 छात्रों ने प्रवेश लिया है, जबकि 150 छात्रों ने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है।

## आरटीआई के तहत 217 स्कूल, जहां बीपीएल परिवारों के बच्चों के लिए सीटें आरक्षित

### दूसरे चरण के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

दूसरे चरण में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 12 जुलाई है। 1 जुलाई से शुरू हो चुका है इस प्रक्रिया में, अभिभावक 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद, 22 और 23 जुलाई को लॉटरी के माध्यम से चयनित बच्चों की सूची जारी की जाएगी और 31 जुलाई तक दाखिला लेना होगा।




### जानकारी के अभाव में नहीं मिलता एडमिशन

आरटीई के तहत एडमिशन की प्रथम चरण की प्रक्रिया जून तक और द्वितीय चरण की प्रक्रिया अगस्त तक चलती है। द्वितीय चरण तक ज्यादातर पालक इंतजार नहीं करते हैं, जिससे कई पालक अपने बच्चों का एडमिशन अन्य स्कूलों में करा देते हैं। वहीं दस्तावेजों के अभाव में भी कई पालक अपने बच्चों का एडमिशन निजी स्कूलों में नहीं करा पाते हैं।

स्वामी आत्मानंद स्कूल खुलने के बाद प्राइवेट स्कूलों के प्रति लोगों का रुझान काफी कम हो गया है। यहां सारी सुविधाएं और पढ़ाई भी प्राइवेट स्कूलों से अच्छी होने की वजह से लोग अपने बच्चों को प्रावड़ेट स्कूल के बजाए स्वामी आत्मानंद स्कूलों में एडमिशन कराना चाह रहे हैं। इसके वजहो से पिछले सत्रों में निजी स्कूलों में आरटीई के तहत सीटें खाली रहने की खबरें आती रही हैं, जैसे कि 2018-19 में 433 सीटें खाली रह गईं थीं। 2019 में, जिले में 208 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत 2049 सीटें थीं, और 2792 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिससे 743 बच्चों को प्रवेश से वंचित होना पड़ा था। 2022-23 में भी 241 सीटें खाली रह गईं थीं।

## धरना-प्रदर्शन : राज्यपाल के नाम समिति प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

# खाद-बीज को लेकर कांग्रेसियों ने सहकारी समिति का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खाद बीज के संकट को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर एवं प्रभारी अजय नंद एवं विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय सहकारी समिति का घेराव कर धरना दिया।

कांग्रेसजनों ने ने सहकारी समिति का घेराव कर धरना प्रदर्शन पश्चात समिति प्रबंधक को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गई कि किसानों को आवश्यकता के अनुसार तुरंत खाद बीज प्रदान करें। अन्यथा कांग्रेस पार्टी किसानों के पक्ष में बड़ा आंदोलन करने को तैयार है।




विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। लेकिन, जब से भाजपा का सरकार बनी है ये सरकार किसानों को परेशान करने का कार्य कर रही है। 2018 के पहले भाजपा सरकार ने किसानों की दुर्दशा कर दी थी और किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो गई थी। लेकिन, कांग्रेस की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में किसानों को समृद्ध कर दिया। प्रभारी अजय नंद ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ जुमले की सरकार है। आजकल नया फर्जी जुमला चल रहा है एक पेड़ मां के नाम और पूरे छत्तीसगढ़ के जंगल को अंधाधुंध काटा जा रहा है। उद्योगपतियों के नाम हर शहर में बुलडोजर से गरीबों का घर उजाड़ा जा रहा है। मानवता को ताक में रखकर बरसात से पहले गरीबों का घर उजाला उजाड़ दिया गया है।

जिलाध्यक्ष डॉक्टर रश्मि चंद्राकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों के लिए अभी का समय बहुत कीमती है और सहकारी समिति में खाद बीच की कमी यह संदेह पैदा करती है कि व्यापारियों के गोदाम में वही खाद बीज कैसे भंडार किए गए हैं। जबकि, किसानों को समितियों से धान बीज एवं खाद का वितरण किया जाना अनिवार्य है। परंतु, आज सहकारी गोदाम में खाद बीज की कमी है और वही खाद बीज महंगे दामों में व्यापारियों के पास उपलब्ध है।

### समितियों में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण का दावा

जिले के किसानों को खरीफ मौसम की तैयारी में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा मंए खाद एवं बीज का भंडारण कर लिया गया है। 01 अप्रैल की स्थिति में जिले के सहकारी समितियों में कुल 32,727 टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 22,967 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। खाद की उपलब्धता में सहकारी समितियों में यूरिया 16 हजार 59, सुपर फॉस्फेट 07 हजार 563, पोटाश 02 हजार 686, डीएपी 04 हजार 21, एनपीके 02 हजार 398 टन भंडारित किया गया है। वर्तमान में 09 हजार 760 टन खाद विक्रय हेतु शेष है।

### इनकी रही मौजूदगी

आंदोलन के दौरान कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा, ब्लॉक प्रभारी अजय नंद, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, किसान नेता दाऊलाल चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, जसबीर ढिल्लों पूर्व शहर अध्यक्ष, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर महामंत्री, अमन चंद्राकर युवा जिलाध्यक्ष, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, अक्षय साकरकर, निर्मल जैन, पार्षद सूरज नायक, देवेश शर्मा, सुनील चंद्राकर, बबलू महानंद, कमल प्रजापति, मोती साहू, बसंत चंद्राकर, मनोहर ठाकुर, ममता चंद्राकर, सोनम रामटेके, ईशा टंडन, राजा सोनी, अजय थवाईत, रवि ध्रुव, दिनेश दुबे, अनुराग चंद्राकर, गोपीचंद तारक, सन्नी महानंद, सुरेंद्र ठाकुर, भानु सोनी, सुशील जोशी मौजूद रहे।

# फल के नीचे छिपाया पांच क्विंटल गांजा, एक आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ट्रक में फल के नीचे छिपाकर गांजा तस्करी कर रहे एक आरोपी को कोमाखान पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 75 लाख रुपए का पांच क्विंटल गांजा जब्त किया गया है।

पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी कार्रवाई, स्त्रोत के बारे मे विस्तृत जानकारी लेकर उनके विरूद्ध विधिसंगत विधिवत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी बीच थाना कोमाखान क्षेत्र में 1 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति आईसर ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीआर 9833 के डाला में बोरियों के अंदर अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिए ओडिशा राज्य की ओर से महासमुंद की ओर आने वाला हैं। इस सूचना के बाद एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं पुलिस की टीम के द्वारा टेमरी नाका में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कि जा रही थी, तभी एक ट्रक को रोका गया। वाहन चालक का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम, पता विजय कुमार राजपूत पिता लायक सिंह राजपूत (40 वर्ष) निवासी ग्राम सबलपुर, थाना जसराना, जिला फिरोजाबाद (उत्तरप्रदेश) का होना बताया। पुलिस की टीम के द्वारा ओडिशा आने का कारण व ट्रक में क्या रखा है, पूछे जाने पर अनानास फल रखना बताया, जिसे ओडिशा से उत्तर प्रदेश में ले जाना बताया। पुलिस की टीम के द्वारा वाहन की तलाशी ली गई। वाहन के पीछे ट्राली में अनानास फल भरा हुआ था। जिसे हटा कर देखने पर प्लास्टिक बोरियों में पांच क्विंटल अवैध मादक पदार्थ गांजा 75,00,000 रुपए मिला। गांजा के अलावा पुलिस ने ट्रक 10,00,000 रुपए तथा 02 नग मोबाईल कुल कीमत 85,09,000 रुपए को जब्त कर कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोमाखान में धारा 20(ख) एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### कसहीबाहरा के नाला आसपास घूम रहा दंतैल, गांवों में अलर्ट जारी

**महासमुंद।** वन परिक्षेत्र महासमुंद में एक दंतैल हाथी की आमद की खबर है। जारी खबर के अनुसार हाथी ट्रैकिंग के दौरान में पता चला है कि एक दतैल हाथी वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 125 के काशीबाहरा के नाला के आस पास के जंगल में विचरण कर रहा है। हाथी का वर्तमान लोकेशन कक्ष क्रमांक 125 के आस पास के जंगल में है। संभावना है कि वह कक्ष क्रमांक 126. 134, 136, 132, 131, 133, 176, 135 की ओर जा सकता है। लिहाजा हाई अलर्ट जारी कर ग्राम छताल, तालझर, मुरुमडीह, दलदली, केशलडीह, सुकुलबाय, नांदबारूद, खिरसाली, बंदोरा के आसपास के ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है। ग्रामीणों से कहा गया है कि कोई भी जंगल न जाएं, हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देखें।

# हर दिन कीचड़ से लथपथ होकर स्कूल पहुंच रहे हैं बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समीपस्थ ग्राम कांपा के भाठापारा स्कूल के छात्र रोज कीचड़ से सराबोर होकर शाला पहुंच रहे हैं। दरअसल, यह स्कूल बस्ती से 500 मीटर दूरी पर है और कच्ची सड़क होने के कारण यहां पर बारिश के दिनों में अत्यधिक कीचड़ हो जाता है। ग्रामीणों द्वारा वर्षों से इस सड़क के सुधार की मांग की जाती रही है। लेकिन, गांव के आखिर में होने के कारण इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा। बता दें कि सन 2013 में नवीन प्राथमिक शाला की स्थापना हुई है। इस स्कूल में 35 बच्चे पढ़ाई करने बच गए हैं। कुछ बच्चों के पालकों ने टीसी निकलवाकर अन्यत्र स्कूल में भेज दिए हैं।

ग्राम पंचायत भाठापारा इलाके के ग्रामीणों और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की समस्या से प्रशासन को कोई वास्ता नही। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों को सालों से मिल रहे केवल आश्वासन से भी ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है।

### बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित

ग्राम पंचायत कांपा के भाठापारा इलाके में निवास करने वाले गरीब परिवारों का कहना है कि बच्चों के भविष्य को लेकर सभी चिंतित है। जो छोटे-छोटे बच्चे गंदे कीचड़ से सने हुए घर पहुंचते है जिन्हें कभी भी कोई भी गंभीर बीमारी हो सकती है। गांव के इस कच्ची सड़क में 10 साल पहले स्थानीय जनप्रतिनिधि ने मुरूम डलवाया था, उसके बाद से इस सड़क को कोई झांकने तक नहीं पहुंचा है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम अमोरी में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को यादराम ध्रुव ग्राम अमोरी ने बताया कि 1 जुलाई की रात करीबन 9.30 बजे वह गांव के शीतला मंदिर तालाब के पास मोबाइल में बात कर रहा था, उसी समय गांव के सागर ध्रुव, केदार ध्रुव एवं धर्मेंद्र यादव ने वहां आकर तू कौन होता है हमारे दोस्त तुषार ध्रुव को सिगरेट पीने से मना करने वाला कहते हुए मारपीट करने लगे। बीच बचाव कर दौड़ते हुए वह घर पहुंचा, जहां कुछ समय बाद सागर ध्रुव, केदार ध्रुव एवं धर्मेन्द्र यादव ने फिर आकर मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वहीं प्रार्थी केदार ध्रुव ने बताया कि गांव का यादराम ध्रुव अपना रौब दिखाने के लिये हमेशा उसे और उसके दोस्त तुषार ध्रुव को गाली देता था। 1 जुलाई की रात करीबन 9.30 बजे वह, सागर ध्रुव और केदार ध्रुव गांव के शीतला मंदिर तालाब में बैठकर बात कर रहे थे। वहीं यादराम ध्रुव भी था, जो हम लोगों को देखकर गाली गलौज कर मारपीट किया है। मारपीट से धर्मेंद्र यादव की पीठ में चोट आई है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## उधार के भवन में संचालित हो रहा महाविद्यालय

# छात्रों ने कहाः महाविद्यालय खुले 3 साल होने को, लेकिन भवन नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

जिले के बसना ब्लॉक का यह मामला काफी संवेदनशील है, जहां सरकार नए शिक्षा नीति को पूरे राज्य में लागू कर दिया है। लेकिन, सच्चाई यह कि नए कॉलेज खुले हुए 3 साल बीत गए लेकिन उनके लिए नए कॉलेज भवन नहीं बनवा पाई है। भंवरपुर का यह नवीन महाविद्यालय आज भी उधार के भवन में संचालित हो रहा है। यह मामला तब और भी गंभीर हो जाता है, जब यह पता चलता है कि कॉलेज खुले तीन साल बीत गए हैं, लेकिन अभी तक विद्यार्थियों को नया भवन नहीं मिला है।

कांग्रेस शासनकाल में बसना ब्लॉक के भंवरपुर में तात्कालिक सरकार द्वारा महाविद्यालय खोलने का घोषणा की गई थी। फिर उन्हीं की सरकार में कन्या शाला भंवरपुर में महाविद्यालय की पढ़ाई शुरू हो गयी और फिर भाजपा की सरकार आई



लोगों को लगा कि अभी सत्ता बदली है तो जल्द ही नया कॉलेज भवन उनको मिल जाएगा। लेकिन, उन मासूम विद्यार्थियों को क्या पता था कि आज 03 वर्ष बीतने को है, लेकिन उनके लिए नये कॉलेज भवन खोलने की ओर कोई सुध भी नहीं लेगा। विद्यार्थियों ने कहा कि हम जबसे कॉलेज में आये हैं तब से कन्या शाला में पढ़ाई कर रहे हैं हमें आज भी उधार के भवन में कॉलेज की पढ़ाई करना पड़ रहा है।

इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द नया भवन बनाए और विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करे। इससे विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित होगा और सरकार की साख भी बहाल होगी।

### विद्यार्थियों की मांग

महाविद्यालय के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रों उत्तरा सिदार, गीता चंद्रवंशी, कुशुम सिदार, कविता पटेल, राजेश्वरी सिदार, राज देवांगन, भागीरथी रॉय, महेश्वरी मलिक, राजकुमार साहू, ज्वाला प्रसाद साहू, दीपक यादव, तोषराम सिदार ने मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द नया भवन बनाए और उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्रदान करे। विद्यार्थियों का कहना है कि वे उधार के भवन में पढ़ाई नहीं करना चाहते हैं और उन्हें अपने भविष्य के लिए बेहतर सुविधाएं चाहिए।

### सरकार की लापरवाही

इस मामले में सरकार की लापरवाही साफ तौर पर दिखाई दे रही है। सरकार जहां शिक्षा गुणवत्ता को लेकर अभियान चला रहीं हैं, नये-नये नीतियां ला रही है। वहीं दूसरी ओर कॉलेज खुले 03 साल हो गए। फिर भी अभी तक विद्यार्थियों को नवीन कॉलेज भवन व मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। इससे यह साफ हो गया है कि सरकार की प्राथमिकता में विद्यार्थियों का भविष्य नहीं है। विद्यार्थियों को उधार के भवन में पढ़ाई करनी पड़ रही है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करे और उनके भविष्य के लिए बेहतर व्यवस्था करे। सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द नया भवन बनाए।

### एक भवन में दो शिफ्ट में लगती हैं कक्षाएं, पढ़ाई हो रही प्रभावित

कन्या शाला भंवरपुर में नवीन महाविद्यालय संचालित होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बता दें कि कॉलेज भवन के अभाव में कन्या शाला में कॉलेज के विद्यार्थियों को पहले शिफ्ट सुबह 07 बजे से 12 बजे तक कक्षाएं संचालित करनी पड़ रही हैं। उसके बाद 12 बजे से कन्या शाला में स्कूली बच्चों की पढ़ाई शुरू हो जाती है। इस व्यवस्था के कारण छात्रों को अपनी पढ़ाई के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों को काफी सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## लोग अपनों की कुशलता की कामना लिए पहुंचेंगे शीतला मंदिर

# माता पहुंचनी का पर्व आज, शीतला मंदिर में उमड़ेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय शीतला मंदिर में माता पहुंचनी का पर्व आज मनाया जायेगा। इस मौके पर नगरवासी अपने व परिवार की कुशलता के लिए मां शीतला के दरबार में पहुंचकर यथायोग्य भेंट अर्पण करते है और ठंडाई प्राप्त कर अपने घरों में ठंडई का छिड़काव करने के लिए ले जाते है। इस दिन नगरवासियों के लगातार मंदिर पहुंचने से शीतला मंदिर में मेले का माहौल बन जाता है। शीतला मंदिर के बाहर नारियल, धूप, दीप व पूजन सामग्रियों के अलावा चाट, गुपचुप वाले भी काफी संख्या में अपनी दुकानें लगाते है। दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालु पूजन सामग्री खरीदने के साथ ही वापसी में चाट गुपचुप का आनंद उठाते है। मंदिर के बाहर माता सेवा के लिए जस गीत की टोली लगातार मांदर की थाप पर भजन गाते रहते है। दर्शनार्थियों का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो जाता। सुबह 5 बजे मंगला आरती के बाद मां शीतला मंदिर के पट खोले जाता है। यह मानना है कि यह त्योहार सदियों पूर्व लोगों द्वारा आषाढ़ मास लगने के बाद धान की फसलों की बुआई करने के पश्चात मनाया जाता है जिस परंपरा को निभाते हुए आज भी लोगों द्वारा गांव में तथा फसलों सहित जीव-जंतुओं पर इसी प्रकार का कोई व्याधी ना पहुंचे जिसके लिए शीतला माता मंदिर में गुरुवार या सोमवार को एक दिन शीतला मंदिर प्रांगण में माता जस गीत गाकर सेवा करते हैं तथा नगर के हर एक परिवार के लोग माता शीतला मंदिर में आकर नारियल फूल चढ़ाकर अपने परिवार की तथा अन्य जीव-जंतुओं सहित फसलों की रोकथाम के लिए मन्नातें मांगते हैं।

### ठंडई छिड़काव का होता है विशेष महत्व

आमतौर पर जिन घरों में छोटी माता, सेंढ़ी या गलवा माता का प्रकोप रहता है वे यहां पहुंचकर मां शीतला को प्रसन्न करने के लिए विधिविधान से पूजा अर्चन करते हैं। हल्दी पानी से बने ठंडई को शीतला मंदिर में मौजूद कार्यकर्ताओं द्वारा नीम के पत्ते से छिड़काव किया जाता है।

### आसपास के गांवों में मनाया जाता है पर्व

आषाढ़ माह में सोमवार या गुरुवार को एक दिन निर्धारित कर गांव-गांव में माता पहुंचनी का आयोजन ग्रामीणजन करते हैं। जिसमे गांव के लोग शीतला मंदिर में थाली मे चावल, दाल, नारियल एवं फूल अगरबत्ती लेकर मंदिर पहुचते है और यहां लोगों पर हल्दी युक्त पानी की बूदें नीम के पत्ते से छिड़काव किया जाता है। जिसे ग्रामीण लोग ठंडई लेना कहते हैं एवं माता का आशीर्वाद लेकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते है।

## खबर संक्षेप



### दो सहायक संचालक हुए सेवानिवृत्त, दी विदाई

**रायपुर।** स्टेट ऑडिट क्षेत्रीय कार्यालय घड़ी चौक रायपुर से सहायक संचालक द्वय एनयू खान एवं अनास तिर्की 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त संचालक शैलेंद्र बंसपाल ने श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। यह सम्मान विभाग द्वारा आयोजित विदाई समारोह के दौरान दिया गया। इस दौरान कार्यालयीन अधिकारियों, कर्मियों की उपस्थिति रही।

### कांग्रेस के परिसंपत्ति प्रभारी नितिन, सभी संपत्तियों का लेंगे ब्योरा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में पूर्व मंत्री एवं विधायक कवासी लखमा की गिरफ्तारी और सुकमा का कांग्रेस



भवन अटैच होने के बाद अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के परिसंपत्ति प्रभारी छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। प्रभारी नितिन कुम्बलकार का ये दौरा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे के दौरे के बाद 11 से 15 जुलाई तक प्रस्तावित है, जिसमें वे प्रदेश के लगभग सभी जिलों का दौरा कर कांग्रेस की संपत्ति का ब्योरा लेने वाले हैं। श्री कुम्बलकार 11 जुलाई से कवर्धा ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के साथ संपत्ति को लेकर अहम बैठक से शुरुआत करेंगे। 15 जुलाई को रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के साथ उनकी अंतिम बैठक होगी।

### खड़गे की सभा के लिए जिला कांग्रेस की बैठक



**रायपुर।** किसान जवान संविधान जनसभा को सफल बनाने जिला कांग्रेस की तैयारियों को लेकर रायपुर जिला प्रभारी जय सिंह अग्रवाल और प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने बैठक में कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने कहा, कार्यक्रम को सफल बनाने सभी विभानसभा से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाने के लिए रणनीति बनाई गई। ब्लॉक अध्यक्षों, प्रभारियों को सघन मीटिंग करने की जिम्मेदारी दी गई है। कल 2 जुलाई को अभनपुर, 3 जुलाई धरसीवां, 4 जुलाई बीरगांव, 5 जुलाई आरंग विधानसभा प्रभारी की उपस्थिति बैठक होगी।

### क्रेडा में भर्ती की सूचना फर्जी

**रायपुर।** कुछ शरारती तत्वों द्वारा क्रेडा के लैटरहेड एवं सील का उपयोग करते हुए नियुक्ति संबंधी एक फर्जी सूचना एवं फर्जी सूची सोशल मीडिया में वायरल की जा रही है, जबकि ऐसा कोई पत्र आदेश या आम सूचना क्रेडा द्वारा जारी नहीं की गई है। ऐसा प्रयास निश्चित ही बेरोजगारों से ठगी तथा अवैध वसूली के उद्देश्य से किया जा रहा है। अतः इस संबंध में क्रेडा द्वारा पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है एवं अपनी वेबसाइट पर आम सूचना जारी कर सर्वसंबंधितों को आगाह भी किया जा रहा है कि ऐसे किसी भी तत्व के झांसे में न आएं एवं ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा सम्पर्क करने पर इसकी जानकारी क्रेडा के संज्ञान में लाएं, ताकि ऐसे तत्वों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके।

### संभागों और जिलों में कार्यालय खोले बिना पेंशन फंड की बात अर्थहीन

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने कहा, राज्य में संभाग और जिलों में पेंशन कार्यालय खोले बिना कैबिनेट निर्णय में पेंशन फंड की बात अर्थहीन है। इससे पेंशनरों का भला नहीं होने वाला। उन्होंने सरकार से पेंशनरों को पूर्व के बकाया एरियर्स का भुगतान और जनवरी 25 से बकाया 2 प्रतिशत डीआर का एरियर्स सहित आदेश जारी करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इंद्रावती भवन में कोष लेखा एवं पेंशन से पेंशन को अलग कर पेंशन संचालनालय की 2 साल पहले स्थापना कर दी है।

---

लग सकता है 400 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क और जुर्माना

# रेरा पंजीयन के बिना चल रहे हैं 106 प्रोजेक्ट, जारी हुआ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (सीजी रेरा) ने राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक कड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने ऐसे 106 प्रोजेक्ट्स की पहचान की है, जो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से स्वीकृत होने के बावजूद अब तक रेरा अधिनियम के तहत पंजीकृत नहीं हुए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन प्रोजेक्ट्स का निर्माण अथवा विक्रय कार्य बिना वैधानिक रेरा पंजीकरण के किया जा रहा था, जो कि न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उपभोक्ताओं के हितों के लिए भी अत्यंत नुकसानदेह है।

#### जारी हुआ नोटिस

प्राधिकरण ने इन सभी प्रोजेक्ट्स के प्रमोटरों को नोटिस जारी करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि रेरा अधिनियम, 2016 का पालन सुनिश्चित करना प्रत्येक प्रमोटर की जिम्मेदारी है। प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि पिछले सात वर्षों में 136 प्रोजेक्ट्स के विरुद्ध स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की गई है, जिनमें प्रमोटरों द्वारा बिना पंजीकरण कार्य संचालित किया गया था।

#### संपत्ति खरीदने से पहले ये सावधानी है जरूरी




#### लग सकता है 400 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क

रेरा अधिनियम के अनुसार, बिना पंजीकरण प्रोजेक्ट संचालित करने पर पंजीकरण शुल्क का 400 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क और परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है। रेरा अधिनियम की यही विशेषता है कि वह न केवल उपभोक्ताओं को सुरक्षित निवेश का वातावरण देता है, बल्कि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और समयबद्धता भी सुनिश्चित करता है।

#### संपत्ति खरीदने के पहले जांचें पंजीयन है या नहीं

सीजी रेरा ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की संपत्ति जैसे फ्लैट, प्लॉट, विला या व्यावसायिक इकाई खरीदने से पहले यह अवश्य जांच लें कि संबंधित परियोजना रेरा में पंजीकृत है या नहीं। इसके लिए रेरा के पोर्टल पर जाकर परियोजना की पंजीकरण स्थिति की जांच की जा सकती है। वहीं, प्रमोटरों को भी सलाह दी गई है कि वे अपनी परियोजनाओं को विधिवत रजिस्ट्रेशन कराएं ताकि किसी प्रकार की शास्ति या कानूनी कार्यवाही से बचा जा सके। प्राधिकरण का उद्देश्य स्पष्ट है कि वह उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना चाहता है और अनियमित एवं अराजक प्रोजेक्ट्स पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। घर खरीदने से पहले रेरा पंजीयन की पुष्टि अवश्य करें, इसी संदेश के साथ सीजी रेरा ने जिम्मेदार नागरिकों और ईमानदार डेवलपर्स से सहयोग की अपील की है।

---

ई-नीलामी प्रक्रिया निवेशकों को करेगी आकर्षित

# चूना पत्थर, लौह अयस्क और बॉक्साइट खनिज के नए ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में खनिज क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चूना पत्थर, लौह अयस्क और बॉक्साइट खनिज के नए ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को नवा रायपुर अटल नगर में निवेशकों के लिए प्री-बिड सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस प्री-बिड सम्मेलन का उद्देश्य राज्य की समृद्ध खनिज संपदा को औद्योगिक निवेश के लिए उपलब्ध कराना, स्थानीय विकास को बढ़ावा देना तथा पारदर्शी ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से निवेशकों को आकर्षित करना है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमत्री के सचिव एवं खनिज सचिव पी. दयानंद ने कहा कि हमें नई औद्योगिक नीति के अनुरूप खनिज क्षेत्र के विकास के साथ 'विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार करना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज नीति और नई उद्योग नीति से खनिज आधारित उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। राज्य में खनिज आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए भरपूर संभावनाएं हैं। खनिज सचिव पी. दयानंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का ऐसा राज्य है, जहां कोयला, चूना पत्थर, डोलोमाइट, लौह अयस्क, बॉक्साइट, टिन, लीथियम, कोबाल्ट तथा रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे 28 से अधिक प्रमुख खनिजों की भरपूर उपलब्धता है। छत्तीसगढ़ में अब तक 51 खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी हो चुकी है और आने वाले समय में इस संख्या को और आगे बढ़ाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा गठित स्पेशल टास्क फोर्स के माध्यम से विभिन्न खनिज समूहों के लिए अनुसंधान किया जा रहा है। इसके साथ ही सोनाखान भवन में एक ड्रिल कोर लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है, ताकि अन्वेषण की गुणवत्ता और सटीकता को सुदृढ़ किया जा सके।खनिज सचिव श्री दयानंद ने यह भी बताया कि डीजीएम द्वारा चयनित कुल 9 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है, जिनमें 4 चूना पत्थर, 2 लौह अयस्क और 3 बॉक्साइट ब्लॉक शामिल हैं। इन ब्लॉकों में उपलब्ध संसाधनों का वाणिज्यिक दोहन निवेशकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है। चूना पत्थर के 200 मिलियन टन से अधिक भंडार बलौदाबाजार, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में स्थित हैं, जिनमें औसतन 42 प्रतिशत से अधिक कैल्शियम ऑक्साइड की मात्रा आंकी गई है। उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया कि वे इन ब्लॉकों को एक आकर्षक औद्योगिक अवसर के रूप में देखें और छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीतियों का लाभ उठाएं। राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग, पारदर्शिता और समयबद्ध अनुमतियां सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



#### खनिज संचालक ने कही ये बात

खनिज विभाग के संचालक रजत बंसल ने ई-नीलामी प्रणाली की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि निविदा पोर्टल पर सभी खनिज ब्लॉकों से संबंधित विवरण उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित क्षेत्रों में रेलवे और सड़क जैसे मजबूत आधारभूत ढांचे के साथ स्थानीय श्रमशक्ति भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिससे उद्योगों की स्थापना सुगम और आर्थिक रूप से व्यावहारिक होगी। प्रति वर्ष 3-4 मिलियन टन उत्पादन क्षमता वाले उद्योगों की स्थापना की संभावना के साथ इन क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर व्यापक रोजगार सृजन होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के उप महानिदेशक अमित धारवाड़कर, संयुक्त संचालक अनुराग दीवान, संजय कनकाने सहित विभिन्न निवेशक, औद्योगिक प्रतिनिधि, भूवैज्ञानिक एवं तकनीकी विशेषज्ञ तथा खनिज एवं उद्योग विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत सौंपा गया पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिका क्षेत्रों में समग्र विकास को लेकर सिटी डेवलपमेंट प्लान पूरे प्रदेश में तैयार कराया जा रहा है। जिसके तहत महासमुंद नगर पालिका के 30 वार्डों में पार्षदों द्वारा पंचवर्षीय विकास की कार्ययोजना बनाकर पालिका में जमा की जा रही है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने भी वार्ड क्र 14 के समग्र विकास को लेकर कार्ययोजना बनाई है। साथ ही शहर के प्रमुख विकास कार्यो को प्राथमिकता से जोड़ने के लिए कार्ययोजना मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे को 10 पत्रों में दिया गया है। शहर के लिए करोड़ों की योजना बनाकर पूर्व में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री को दिया जा चुका है। राठी ने बताया कि शासन की अच्छी पहल है, इससे पांच वर्षों में शहर में क्या-क्या काम विकास के कराए जाने हैं, जिसकी रूपरेखा तैयार हो जाएगी। वार्ड क्रमांक 14 में दो गली मृत है, जिसे चालू कराया जा सकता है। एक मुर्गा दुकान को हटाकर नया रोड बन सकता है, उसी तरह आलोक चंद्राकर घर के पास 3 फीट की गली है उस गली को 10 फीट करने से आवागमन सुलभ होगा।

पुराना मंडी में काम्प्लेक्स बन रहा है, जिसमें एक नया रोड प्राप्त होगा। इसके लिए संबंधित भूमि धारक को मुआवजा देना पड़ेगा, जिससे दो नए रोड वार्ड नं. 14 को मिल सकेंगे। इसके अलावा ओवरब्रिज के नीचे व्यवसायिक कांप्लेक्स, वार्ड में सीसी रोड नाली, आंगनबाड़ी भवन को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। वार्ड नं. 14 के पांच वर्षीय कार्ययोजना पत्रक को सौंपते वक्त पार्षदगण पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, पप्पू ठाकुर, भाजपा नेता शरद मराठा, महेंद्र सिक्का, समसु खान उपस्थित थे।

---

# करबला तालाब सौंदर्यीकरण का मूणत ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पश्चिम विस क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने मंगलवार को करबला तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। यह कार्य लगभग रुपए 2.44 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री मूणत ने जोन क्रमांक 7 के आयुक्त सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब के चारों ओर परिक्रमा पथ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सबसे पहले बाहरी सीमा पर बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जाए। कार्य प्रारंभ करने से पहले पूरे परिसर की व्यापक सफाई अभियान चलाकर गंदगी हटाई जाए।

#### ....तो खुद ही हटाएंगे अपना कब्जा

श्री मूणत ने कहा कि मंदिर साइड से पाथवे निर्माण की शुरुआत की जाए, लेकिन इससे पहले उसका मजबूत बेस तैयार किया जाए, ताकि भविष्य में वह धंसे नहीं। निरीक्षण के दौरान मंदिर के पीछे एक निजी ट्रांसफॉर्मर की स्थिति पर संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए, इसकी जांच की जाए कि वह निजी या शासकीय भूमि पर स्थापित है। यदि वह शासकीय भूमि पर पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को उसे अपनी निजी भूमि पर स्थानांतरित करने के लिए कहा जाए। इसके अतिरिक्त मंदिर के पास स्थित अवैध कब्जों को हटाने के लिए भी विधायक ने निर्देश दिए। निरीक्षण के समय मंदिर के सामने स्थित एक मकान स्वामी ने यदि निर्माण कार्य में उनका मकान बाधक बनता है तो अपने व्यय पर उसे हटाने की स्वेच्छा जताई, जिसकी विधायक श्री मूणत ने खुले दिल से सराहना की।

---

# ईओडब्ल्यू ने सिंचाई विभाग के उप अभियंता निकोसे के विरुद्ध जांच की मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला प्रोजेक्ट में मुआवजा देने के नाम करोड़ों का घोटाला कर शासन को चपत लगाने के मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एन्टी करप्शन ब्यूरो के निदेशक ने सचिव छत्तीसगढ़ शासन जलसंसाधन विभाग को पत्र प्रेषित कर विभाग के उप अभियंता आनंद कुमार निकोसे के विरुद्ध जांच की अनुमति मांगी है।

- भारतमाला प्रोजेक्ट में जलाशय के लिए अर्जित भूमि को पुन: विक्रय का दिया मुआवजा

बताया गया है कि रायपुर-विशाखापट्नम प्रस्तावित ईकानामिक कारीडोर (भारतमाला) के भू-अर्जन के संबंध में शासन की जलाशय के लिए अर्जित भूमि को पुनः शासन को विक्रय कर मुआवजा दे दिया गया। मामले में भूमि स्वामी के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को मुआवजा एवं निजी भूमि का गलत मुआवजा दिया गया। निजी भूमि के मूल खसरा एवं रकबा को टुकड़ों में विभाजित कर मुआवजा राशि के निर्धारण में अर्जन की जाने वाली निजी भूमि के बदले प्रभावितों को गलत ढंग से अधिक मुआवजा देते हुए शासन के साथ छल एवं धोखाधड़ी कर शासन को करोड़ों की हानि पहुंचाई है। मामले में छल पूर्वक मुआवजा की राशि पात्र व्यक्तियों को ना देकर अन्य ऐसे व्यक्तियों के नाम को दर्शा दिया, जिसमें उनका कोई लेना-देना ही नहीं था।




#### पद का किया दुरुपयोग

ईओडब्ल्यू एवं एसीबी ने कहा, आनंद कुमार निकोसे उपअभियंता जलसंसाधन उप संभाग क्रमांक 1 रायपुर सहित, निर्भय कुमार साहू तात्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभनपुर, दिनेश कुमार पटेल हल्का पटवारी नं0-23 उरला, रोशन लाल वर्मा राजस्व निरीक्षक, शशिकांत कुर्रे तत्कालिन तहसीलदार अभनपुर, जितेन्द्र साहू तत्कालिन राजस्व निरीक्षक अभनपुर, बसंती घृतलहरे पटवारी, लखेश्वर प्रसाद, किरण तत्कालिन नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा, लेखराम देवांगन पटवारी एवं अन्य द्वारा लोक सेवक के पद पर रहते हुए अपने-अपने पदों का दुरुपयोग किया।

---

# किसानों को मिलती रहे खाद मुख्यमंत्री साय ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों को सतत रूप से खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद के उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही और किसानों को इसके लाभ से अवगत कराने को कहा। श्री साय ने कलेक्टरों के माध्यम से जिलेवार सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता और वितरण की निगरानी और सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खेती-किसानी का यह समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि इस समय खाद-बीज की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा आती है, तो इसका सीधा असर फसलों की बुआई और उत्पादन पर पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय पर और उचित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि समितियों में एनपीके खाद की व्यवस्था भी की जा रही है, किसानों को इसे उपलब्ध कराने की दिशा में तत्काल कदम उठाएं। उन्होंने अमानक और नकली खाद की बिक्री पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे मामलों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, संचालक कृषि राहुल देव सहित मार्कफेड के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

---

देशभर के 345 राजनीतिक दलों पर चुनाव आयोग की सख्ती

संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के दिए निर्देश

# छग के 9 राजनीतिक दल 6 साल से निष्क्रिय, ईसीआई का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर के 345 पंजीकृत अप्रमाणित राजनीतिक दलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग के अनुसार, इन दलों ने वर्ष 2019 से बीते छह वर्षों के दौरान किसी भी चुनाव में भाग नहीं लिया है और इनका कोई सक्रिय कार्यालय भी मौजूद नहीं पाया गया है। निर्वाचन आयोग ने ऐसे सभी दलों को सूची से हटाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके तहत




छत्तीसगढ़ में भी कई राजनीतिक दलों की पहचान की गई है, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दिया जा रहा है। सुनवाई प्रक्रिया के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी इन दलों को डीलिस्ट करने का प्रतिवेदन निर्वाचन आयोग को भेजेंगे। अंतिम निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा।

#### निष्क्रिय दलों पर चुनाव आयोग की सतर्क निगरानी

निर्वाचन आयोग का कहना है कि पंजीकृत अप्रमाणित राजनीतिक दलों की समीक्षा करना एक नियमित प्रक्रिया है। निष्क्रिय, अस्तित्वहीन या फर्जी गतिविधियों में संलिप्त दलों को सूची से हटाकर चुनाव प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बनाए रखना आयोग की प्राथमिकता है। इस कदम से यह भी सुनिश्चित होगा कि राजनीतिक दलों का पंजीकरण केवल वैध राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित रहे और इसका दुरुपयोग न हो।

#### छत्तीसगढ़ के इन दलों को नोटिस

छत्तीसगढ़ एकता पार्टी, तहसील मालखरौदा, जिला जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा दल्ली राजहरा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ समाजवादी पार्टी अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ संयुक्त जातीय पार्टी रायपुर, छत्तीसगढ़ विकास पार्टी रायपुर, पृथक बस्तर राज्य पार्टी रायपुर, राष्ट्रीय आदिवासी बहुजन पार्टी भिलाई, जिला दुर्ग, राष्ट्रीय मानव एकता कांग्रेस पार्टी रायपुर, राष्ट्रीय समाजवादी स्वाभिमान मंच भिलाई, जिला दुर्ग शामिल हैं।

---

जातिगत जनगणना दो चरणों में होगी पूरी

# पिंगुआ छत्तीसगढ़ में जनगणना कार्य के नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर। आगामी जनगणना 2026 की तैयारियों को लेकर छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। इस कड़ी में राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव आईएएस मनोज पिंगुआ को जनगणना कार्य के लिए राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वे राज्य में जनगणना से जुड़ी सभी गतिविधियों का समन्वय और निगरानी करेंगे।


उनकी नियुक्ति के बाद छत्तीसगढ़ में जनगणना कार्य की दिशा में प्रशासनिक तैयारियों को गति मिलेगी। राज्य स्तर पर डेटा संग्रह, अधिकारियों का प्रशिक्षण, जन जागरूकता और तकनीकी



ढांचे के विकास जैसे कार्यों में तेजी लाई जाएगी। केंद्र सरकार ने इस बार जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया है, जो दो चरणों में की जाएगी। पहला चरण हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन का होगा। यह चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती, उनके भौतिक स्वरूप, सुविधाओं और संसाधनों की जानकारी इकट्ठा की जाएगी। दूसरे चरण में जनगणना संचालन इस चरण में प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से जुड़ी विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी।

#### 2011 के बाद पहली बार होगी जातिगत जनगणना

उल्लेखनीय है कि भारत में पिछली बार 2011 में जातिगत जनगणना की गई थी। इसके बाद कोविड-19 के चलते 2021 की जनगणना टल गई थी। अब 16 साल बाद यह जनगणना देश की सामाजिक संरचना, संसाधन वितरण और कल्याणकारी योजनाओं की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।




## खबर संक्षेप

### राशन वितरण में अव्यवस्था पर कांग्रेस का हमला



**पिथौरा (ग्रामीण)।** जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी मोती जांगड़े ने भाजपा सरकार की तीन माह का राशन एक साथ देने की योजना पर कहा कि सरकार ने बिना पर्याप्त तैयारी के नियम तो बना दिया। लेकिन, उसकी कीमत आम जनता और सेल्समेन को चुकानी पड़ रही है। जांगड़े का आरोप है कि भाजपा सरकार के पास इस व्यवस्था को ठीक से संचालित करने की कोई ठोस योजना नहीं है, फिर भी तीन महीने का राशन देने का दिखावा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राशन दुकानों में हाल ही में नई मशीनें लगाई गई हैं, लेकिन वे चलती कम हैं और सर्वर बार-बार डाउन हो जाता है, जिससे राशन वितरण की प्रक्रिया बाधित हो रही है। जांगड़े ने यह भी कहा कि मजदूरों को काम छोड़कर घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, जिससे उनकी रोज़ की आमदनी पर सीधा असर पड़ रहा है।



### बनियातोरा में हुई मरार पटेल समाज की बैठक

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज के ग्राम बनियातोरा में समाजिक बैठक हुई। सर्वप्रथम समाज के ईष्ट देवी मां शाकंभरी की पूजा अर्चन कर की गई। पश्चात समाज पदाधिकारियों का स्वागत गुलाल से टीका लगाकर किया गया। बतौर सभापति लोचन पटेल मौजूद रहे। जिसके बाद समाज में आए आवेदन पर चर्चा कर निपटारा किया गया। इस दौरान अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, संयोजक लोचन, माखनलाल पटेल, परमेश्वर पटेल, नेतराम पटेल, चंदन पटेल, ललित पटेल, अमरसिंह पटेल, लीलाराम पटेल, दयाराम पटेल, लखनलाल पटेल, शुक्ला पटेल, नोहर पटेल, तुलाराम पटेल, मूलचंद पटेल, सीयाराम दौलत राम, यादराम पटेल, भगतराम आदि मौजूद रहे।

### राजमिस्त्री और प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान

**पटपरपाली (कोमाखान)।** राजमिस्त्री विकास समिति कोमाखान द्वारा वरिष्ठ राजमिस्त्री सम्मान समारोह एवं विश्वकर्मा प्रतिभावान विद्यार्थी अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन 1 जुलाई मंगलवार को किया गया। जहां वरिष्ठ राजमिस्त्री का सम्मान किया गया। इसमें दूधनाथ निषाद, मुंशीलाल ठाकुर, जगदीश पांडे, खेलू राम यादव, मनिहार ठाकुर, आत्माराम पांडे, विश्राम ठाकुर, पीला राम साहू, घासीराम साहू, हरि सिंह ठाकुर को वरिष्ठ राजमिस्त्री सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रतिभावान छात्र-छात्राएं को विश्वकर्मा प्रतिभावान अलंकरण से भूमिका पांडे, रोशनी साहू, चुनीका साहू, नवीन कुमार पांडे, नासिका यादव, युवराज यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भीमा साहू, युवराज ठाकुर, पन्नालाल बघेल, खेदराम साहू, शिवरतन साहू, चुनु राम धीवर, उत्तम साहू, नंद कुमार साहू, गोरे, टोमन आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण प्रदेश में किसानों को समय पर नहीं मिल रहा खाद-बीज

## विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने किया पुटका सोसायटी का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पुटका सहकारी समिति का घेराव किया। वे किसानों के लिए खाद-बीज की मांग कर रहे हैं, साथ ही छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका के नाम सोसायटी प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।

विधायक चातुरी नंद ने कहा कि क्षेत्र के सोसायटियों में लगातार खाद की किल्लत बनी हुई है। उच्चाधिकारियों को किसानों की समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की जा रही है जिससे किसान खेती में पिछड़ रहे है।



विधायक नंद ने यह भी कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से किसान परेशान है। मानसून सत्र पहुंचने के बाद भी सरायपाली क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में खाद की कमी से लगातार बनी हुई हैं। सेवा सहकारी समितियो में आज तक खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण नहीं किया गया है, जिससे किसानों को खाद्य आपूर्ति करने में राज्य सरकार विफल हो गई है। किसानों को खाद्य भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराने का सिर्फ झूठा आश्वासन दिया जा रहा है, जिससे पूरे प्रदेश के किसान ठगा हुआ महसूस कर रहे है। इस अवसर पर कांग्रेस नेत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी मंदाकिनी साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुहीपाली अध्यक्ष बलराम भोई, जनपद सदस्य पूजा तिवारी, तिरीथ बाई मानिकपुरी, निलेश तिवारी, विक्की तिवारी, माखन मिश्रा, नवीन यादव, धनीराम बरिहा, पांडवा, निराकार, टीकाराम, परमेश्वर, प्रहलाद सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बीटीआई मार्ग चौड़ीकरण में देरी व अनियमितता को लेकर नपाध्यक्ष ने जताई नाराजगी



**महासमुंद।** बीटीआई रोड चौड़ीकरण कार्य में हो रही देरी व लेट लतीफी को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से मुलाकात कर कार्य में अनियमितता व धीमी गति को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए जारी कार्य की गुणवत्ता व गति में तेजी लाने की बात कही। नपाध्यक्ष साहू ने कार्यपालन अभियंता को कहा कि गड्ढों की सही भराई, वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था और डामर की गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार शीघ्र पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर सभापति गुलशन साहू, पार्षद चंद्रशेखर बेलदार भी उपस्थित रहे।

# किसान जवान संविधान सभा को सफल बनाने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

■ विधायक चातुरी नंद और प्रभारी आलोक चंद्राकर ने ली बैठक

विधायक कार्यालय सरायपाली में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक विधायक चातुरी नंद और प्रभारी आलोक चंद्राकर के नेतृत्व में हुई।



इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि किसान जवान संविधान सभा के लिए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय मल्लिकार्जुन खड़गे एवं एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल के आगमन से निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। संविधान बचाने की लड़ाई अब हमारे किसान और जवान संभालेंगे। केंद्र की संविधान विरोधी नीतियों ने लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि किसान जवान संविधान सभा में सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सभा में शामिल होने की अपील भी की। बैठक को किसान जवान संविधान सभा के प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक चंद्राकर ने भी संबोधित किया और आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

बैठक में आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि मोहन लाल भोई, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरएन आदित्य, ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, छुहीपाली ब्लाक अध्यक्ष बलराम भोई , वरिष्ठ नेत्री मंदाकिनी साहू, महिला नेत्री दीपांजलि बारीक, जनपद सदस्य पूजा तिवारी, तीरीथ मानिकपुरी, हेमा श्रीवास, कमल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, तेजराम पटेल, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, डॉ बिरंची बेताल, भरत मेश्राम, दीपक साहू, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, पार्षद रमीज रजा, सरपंच प्रभात पटेल, सरपंच तन्मय पंडा, पंकज बीसी, अनस खान, केशव अग्रवाल, प्रमोद ग्वाल, श्रवण पटेल, सत्या भोई, लीलाकांत पटेल, सुरेन्द्र वैष्णव, पिंगल गार्डिया, श्रीराम मानिकपुरी, बाल्मीकि मेहर, निलेश तिवारी, कन्हैया चौहान, दया राम चौहान, नरेश पटेल, जयंत यादव, दुष्यंत साहू सहित वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### संविदा कर्मचारियों ने की नवपदस्थ सीएमएचओ से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ जिला इकाई द्वारा नवपदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव से मुलाकात कर स्वागत किया गया। बता दें कि इसके पहले भी जिला अस्पताल में आरएमओ के पद पदस्थ रहे हैं। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रम में शतप्रतिशत उपलब्धि हो, सेवा भावना हो, सभी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया।

इस दौरान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय से डॉ निखिल गोस्वामी अस्पताल सलाहकार, प्रवीण नागदेवे, खोमन लाल साहू, कविता चंद्राकर, यादराम साहू, त्रिवेणी चक्रधारी, जागृति साहू, सुनील साहू, टेकलाल नायक, सुमन साहू, देवकुमार डडसेना, कोमल साहू, राजेंद्र यादव, सुरेश साहू, मनोज आदि उपस्थिति रहे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने दी है।



### नपाध्यक्ष निवास में भगवान जगन्नाथ का हुआ भावपूर्ण स्वागत

**महासमुंद।** जगत के पालन हार भगवान जगन्नाथ 1 जुलाई को दोपहर 12 बजे नगर पालिका अध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू के निवास पहुंचे। प्रभु के आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू समेत उनके पिता मनोजकांत साहू, उनकी माता व छोटे भाई एवं बहू सहित उनकी बड़ी बहन ने ने भगवान जगन्नाथ को बरसते पानी के बीच भीगते हुए उनका भाव पूर्ण स्वागत कर घर तक लाया। दिनभर उनकी पूजा अर्चना एवं आवभगत की गई।

### नर्रा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में बुधवार को कक्षा छठवीं और नवमी के नवप्रवेशी छात्र -छात्राओं का शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य लोचन पटेल रहे। अध्यक्षता टेकराम पटेल अध्यक्ष शाला प्रबंधन व विकास समिति ने की। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि प्रवेंद्र दिवाकर, उपसरपंच लोकनाथ पटेल, रूपेंद्र साहू, फरीद खान, किरन यदु, लेखमणी पटेल, जुगेश पटेल, गुलशन रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत पुष्पहार व गुलाल से किया गया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर एवं निःशुल्क पाठयपुस्तक एवं गणवेश वितरण कर अच्छे अध्यापन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य समेत समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेश साहू ने किया।



# पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की हुई मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 1 जुलाई को बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक का संचालन सचिव शिवकुमार साहू ने किया। प्रारंभ सरस्वती पूजन, श्लोक वाचन एवं गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ हुआ।

बैठक की प्रथम कड़ी में उपस्थित सभी सदस्यों को ध्यान योग मुद्रा का अभ्यास कराया गया। इस दौरान संगठन सचिव द्वारा प्रभुजी भक्ति अचल मोहे दीजो का सुमधुर भजन गायन कर सदस्यों की चेतना को भक्ति मार्ग की ओर ले जाने के लिए उत्प्रेरित की गई। तत्पश्चात संगठन के सक्रिय एवं समर्पित सदस्यों जिनका माह जून में आकस्मिक निधन हो गया, जिनमें प्रमुख रूप से उदयराम साहू, विनोद जोशी पूर्व कोषाध्यक्ष, तिरथ राम साहू, अर्जुन यादव, सीएल साहू है, को दो मिनट मौन धारण कर तथा अध्यक्ष द्वारा संगठन में उनके योगदान की विस्तृत चर्चा कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा ईश्वर से शोकाकुल घड़ी में स्वर्गीय के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त कर संगठन द्वारा भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। उपरांत भगत साहू (गायत्री परिवार) ने 1 जुलाई को घटित ऐतिहासिक घटनाओं के संदर्भ में सारगर्भित जानकारी दी। इसी क्रम में बैठक को संबोधित करते हुए कालिंद्री चंद्राकर ने सभी सदस्यों को



मानवीय मनोभाव जो मनुष्य के अंदर दुराव पैदा करते हैं, उनसे बचने एवं शेष जीवन को ईश्वर के प्रति समर्पित कर देने की अपील की तथा बैठक में अधिक से अधिक महिला सदस्यों की निरंतर उपस्थिति पर जोर दिया। तत्पश्चात संगठन के नए सदस्य राजेंद्र सिंह परिहार वन विभाग का स्वागत संगठन मंत्री चमन लाल साहू, सहसचिव राधेश्याम दुबे, कार्यकारिणी सदस्य नेहरू साहू, वरिष्ठ सदस्य बोधनलाल साहू, टीपी वर्मा ने किया। नये सदस्य राजेंद्र परिहार ने अपना परिचय सदस्यों को देते हुए संगठन के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा व्यक्त की। इसी क्रम में जिन -जिन सदस्यों का जुलाई में जन्म दिन हैं जिनमें धरमदास मारकंडे, शिवनंदन भोसले, शिवकुमार साहू को श्रीफल भेंटकर व गुलाल लगाकर तथा सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। उपाध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा ने उनके सुदीर्घ सुखमय जीवन की कामना की। संगठन के कोषाध्यक्ष पद निर्वहन के लिए सुझाव एवं नाम आमंत्रित कर अनुमोदन प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सभी सदस्यों द्वारा आगामी कार्यकारिणी की बैठक में अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू ने अपने संबोधन में गत माह में संगठन द्वारा पेंशनर हित में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा से सदस्यों को अवगत कराया। कार्यक्रम संगठित में संचालक ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से सुझाव तथा उनके समस्याओं को सदन के पटल पर रखने का आह्वान करते हुए उन्हें मंच पर आमंत्रित किया। बैठक की अंतिम कड़ी में संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने विस्तारपूर्वक सांगठनिक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए सभी सदस्यों से सक्रिय रहने एवं पेंशनर परिवार को सुदृढ़ करने की अपील की। बैठक में भूषणराव भोसले संगठन मंत्री, अर्जुनलाल साहू, बोधनलाल साहू, भगतराम साहू, रमेश गुप्ता, सतानंद यादव, सरजूदास मानिकपुरी, गोपेश्वर गिरि, महेंद्र साहू, चोवासिंग ठाकुर, प्रहलाद, राधेश्याम चंद्राकर, ज्ञानसिंह चंदेल, संतुराम साहू, रामनारायण वैष्णव, एसके साहू, योधराम, कुमार चन्द्राकर, अर्जुन साहू, रतनलाल साहू, गोकुलदास आदि मौजूद रहे।

### प्रभु जगन्नाथ की पूजा



**महासमुंद।** भ्रमण के दौरान मंगलवार को ग्राम पंचायत खैरा में पूर्व जनपद पंचायत सभापति सरिता राकेश चन्द्राकर, सरपंच प्रांशु चंद्राकर के निवास में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलभद्र की पूजा-अर्चना की गई। वहीं ग्रामवासियों ने जगह-जगह स्वागत किया।



# नर्रा में पुलिस चौकी खोलने की मांग

**नर्रा।** बीते दिनों महासमुंद प्रवास पर रहे छग शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा से जनपद सदस्य लोचन पटेल ने मुलाकात कर जनपद क्षेत्र के ग्राम नर्रा में पुलिस चौकी खुलवाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। जनपद सदस्य लोचन ने गृह मंत्री को अवगत कराया कि अंतर्राज्जीय सीमा होने के चलते मादक पदार्थों का परिवहन तथा अवैध शराब के अलावा नशीली सामग्री की ब्रिक्री जैसे वैधानिक कृतियों को रोकने एवं शांति स्थापित करने व अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को निगरानी करने के लिए नर्रा में पुलिस चौकी खोलने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने भी गृह मंत्री शर्मा से नर्रा में चौकी खोलने के लिए आग्रह किया।



## खबर संक्षेप



### समाजसेवी संस्था ने शुरू की ट्यूशन क्लास

**महासमुंद।** आंचल जन कल्याण समाज सेवी संस्था महासमुंद द्वारा ग्राम पंचायत खरोरा में निःशुल्क शिक्षा की पहल करते हुए ट्यूशन क्लास की शुरुआत की गई। संस्था प्रमुख व सामाजिक कार्यकर्ता डिगेश्वरी कुर्रे ने बताया कि इस गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को एक पढाई करने का आधार मिल पा रहा है। ऐसे कई बच्चे है जो अपना समय केवल मोबाइल चलाने व खेलकूद में निकाल देते थे, अब वे सभी बच्चे अपना समय पढ़ाई में लगाकर अपना लक्ष्य पूरा करने में लगे है। इस मौके पर डिगेश्वरी कुर्रे, सपना विश्वकर्मा, नीलम कोसरे, विद्या कुर्रे, अभिलाषा कुर्रे आदि मौजूद रहे। सभी बच्चों को कापी, पेन, पेंसिल देकर सम्मानित किया गया।

### बाहुड़ा यात्रा 6 को

**महासमुंद।** महांती समाज द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बाहुड़ा यात्रा 5 जुलाई को मनाए जाने की जानकारी दी गई थी, जिसे सुधार करते हुए समाज के पदाधिकारियों ने बताया है कि 6 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी।

### ई-केवाईसी की समय सीमा बढ़ाए सरकार

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष झाबक ने कहा कि प्रदेश में 81 लाख 63 हजार 666 राशन कार्ड जारी किए गए हैं। इनमें पंजीकृत सदस्यों की संख्या 2 करोड़ 73 लाख 61 हजार 287 है। अब केवाईसी नहीं कराने वाले लोगों को अपात्र मान लिया जाएगा। झाबक ने कहा कि सरकार ने पीओएस उपकरणों, मोबाइल एप आदि माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में ईकेवायसी अभियान क्यों नहीं चलाया। आम जनता तक समय पर जानकारी नहीं पहुंचाई गई, पहुंचविहीन क्षेत्रों में विशेष अभियान क्यों नहीं आयोजित किया गया। समय रहते सर्वे, ऑन-साइट व मोबाइल सहायता क्यों नहीं दी गई। स्पष्ट है कि राज्य सरकार ने इन क़दमों को पर्याप्त रूप से नहीं उठाया जिस कारण लाखों लोग अपात्र रह गए और जिन्हें सरकारी राशन जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ा।



## शिक्षा : पासिद में नवपदस्थ व्याख्याताओं ने प्रारंभ किया गुणवत्तापूर्ण शिक्षण

# युक्तियुक्तकरण के प्रभावी क्रियान्वयन से अब शालाओं में नियमित शिक्षण व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक कर रहे हैं अध्ययन, युक्तियुक्तकरण से नियमित अध्यापन जारी

जिले में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाए गए हैं। इस पहल के अंतर्गत विशेष रूप से उन शालाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो या तो शिक्षक विहीन थीं या एकल शिक्षकीय व्यवस्था पर निर्भर थीं। युक्तियुक्तकरण के प्रभावी क्रियान्वयन से अब इन शालाओं में नियमित शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी तथा विद्यालयों की शैक्षिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होगा।



पिछले सत्र में शासकीय हाईस्कूल पासिद में शिक्षकों की कमी के चलते नियमित अध्यापन कार्य नहीं हो पा रहा था। इस वर्ष युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से स्कूल में तीन नए व्याख्याता पदस्थ हुए हैं, जिससे गुणवत्तापूर्ण अध्यापन कार्य जारी है। यहां अध्ययनरत बच्चों में भी उत्साह दिखाई दे रहा है। जिले में शिक्षा सत्र 2025-26 की शुरुआत के साथ ही शासकीय हाईस्कूल पासिद में शिक्षण व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नव नियुक्त व्याख्याताओं (एलबी) की नियुक्ति की गई है। वर्तमान में विद्यालय में 03 व्याख्याता कार्यरत हैं, जो कक्षा 9वीं और कक्षा 10वीं के विभिन्न विषयों का नियमित रूप से अध्यापन कार्य कर रहे हैं। विद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी रुचि और उत्साह के साथ अध्ययन में भाग ले रहे हैं। आज आयोजित अध्ययन सत्र में कक्षा 9 वी में 17 विद्यार्थी एवं कक्षा 10वीं के कुल 18 विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ कक्षा में सहभागिता की। गौरतलब है कि शासकीय हाईस्कूल पासिद की स्थापना 24 जुलाई 2023 को की गई थी। शिक्षा सत्र 2024-25 में यहां कोई भी व्याख्याता पदस्थ नहीं था, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। लेकिन इस वर्ष शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। विद्यालय परिवार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत किया है और विश्वास व्यक्त किया है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से एवं निरंतर शैक्षणिक सहयोग से छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

## शहर के पुराने शासकीय अनुपयोगी भवन रिडेवलपमेंट योजना में शामिल भाजपाइयों ने जताई खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मंत्रिमंडल की बैठक में शहर के अंतर्गत क्लबपारा मेन रोड के पुराने शासकीय अनुपयोगी भवन भूमि के व्यस्थित विकास और सदुपयोग के लिए रिडेवलपमेन्ट योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किए जाने पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के निवास पहुंचकर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद नानू भाई, पार्षदगण पीयूष साहू, सीता डोन्डेकर, माखन पटेल, भाजपा मंडल मंत्री उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, अनुसूचित जाति मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष सोनाधर सोनवानी, भाजपा नेतागण शरद मराठा, गौरव राठी, रोशन बग्गा ने कहा कि शहर की जनता को बड़ी सौगात 7400 लाख रुपए आपके नेतृत्व में मिली है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि शासन की रिडेवलपमेन्ट योजना के तहत शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 स्थित पुराने सिविल क्वाटरों में कांप्लेक्स एवं फ्लैट निर्माण 7400 लाख लगभग की लागत से होगा। लगभग 5 एकड़ की जमीन पर सरकार द्वारा व्यवसायिक एवं आवासीय कांप्लेक्स बनाएं जाएंगे। सभी निर्माण कार्य गृह निर्माण मंडल द्वारा किया जाएगा। ग्राउंड फ्लोर के व्यवसायिक काम्प्लेक्स एवं छत के उपर आवासीय फ्लैट निर्माण होंगे।

## आरंभ पब्लिक स्कूल में मनाया गया डॉक्टर्स डे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आरंभ पब्लिक स्कूल में डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डॉक्टरों के योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना और विद्यार्थियों में चिकित्सा पेशे के प्रति सम्मान और जागरुकता बढ़ाना था। स्कूल के संचालक मिलिंद चंद्राकर ने बच्चों को बताया कि डॉक्टर्स समाज के असली हीरो है। इसके पश्चात छात्रों ने डॉक्टरों के योगदान पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। बच्चों ने सफेद कोट पहनकर मिनी डॉक्टर की भूमिका निभाई, जिसमें माहौल जीवंत हो गया। स्कूल के अध्यापकों ने बच्चों को प्राथमिक उपचार से परिचय करवाया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्राथमिक उपचार कर बच्चों को यह सिखाया गया कि चोट लगने पर डरना नहीं चाहिए, उसे आप हिम्मत से समझदारी पूर्ण उपचार करना चाहिए। सभी बच्चों ने उत्सुकतावश सहभागिता दी।

# सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रयासों से 100 करोड़ की लागत से बनेंगी 66 नई सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रयासों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चतुर्थ चरण के अंतर्गत 66 सड़कों की कुल 155 किलोमीटर लंबाई की परियोजना तैयार की गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 100 करोड़ रुपये है, जिसके लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) बनाकर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत कर दिया गया है। यह सड़कें जिले के पांच विकासखंडों के उन ग्रामों में निर्मित की जाएंगी, जो अब तक पक्की सड़कों से वंचित रहे हैं, विशेषकर ऐसे गांव जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी बहुसंख्यक है। इन गांवों तक पक्की सड़कें पहुंचने से न केवल आवागमन सुलभ होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।



सांसद रूपकुमारी चौधरी ने बताया कि वे स्वयं ग्रामीण परिवेश से आती हैं, और उन्होंने गांवों में सड़क के अभाव के कारण होने वाली कठिनाइयों को निकट से देखा है। सांसद रूपकुमारी ने सड़को के अभाव में स्कूली बच्चों का कीचड़ भरे रास्तों से गुजरना, गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में आने वाली परेशानी और किसानों की उपज को बाजार तक पहुंचाने में हो रही देरी जैसी अनेकों समस्याओं के निराकरण को लेकर कहा कि ये सब समस्याएं केवल एक पक्की सड़क से काफी हद तक दूर हो सकती हैं। सांसद ने बताया कि इस परियोजना में प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित ग्रामों को प्राथमिकता देकर तैयार की गई है, जिससे वंचित समुदायों को विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना न केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, बल्कि यह सामाजिक समावेशन और आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग भी प्रशस्त करती है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की मूल भावना का विस्तार है। अटल का विजन था कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी विकास की सुविधाओं से वंचित न रहे। परियोजना की स्वीकृति उपरांत जल्द ही सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ होना है। सांसद ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए वे स्वयं मॉनिटरिंग करेंगी।



## युक्तियुक्तकरण, स्कूल शिक्षा विभाग का सर्वोत्तम निर्णयः कोकड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटेवा

कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने युक्तियुक्तकरण स्कूल शिक्षा विभाग का सर्वोत्तम और साहसिक निर्णय बताते हुए कहा है कि कलेक्टर स्वयं उपस्थित रहकर सारे प्रक्रियाओं का गवाह बनें। ऐसे ही राज्यभर के कलेक्टरों के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ युक्तियुक्तकरण 100 प्रतिशत सफलता के साथ पूरा किया गया है। इससे दूरस्थ गांवों के बच्चों के साथ न्याय हुआ है।

## बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष का बालोद प्रवास आज



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 3 जुलाई को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार चंद्राकर प्रातः 10 बजे निज निवास महासमुंद से बालोद जिले के झलमला के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां वे दोपहर 11 बजे घोटिया रोड स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र झलमला में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल होकर बीज उत्पादक किसानों से चर्चा कर प्रक्रिया केंद्र का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। इसके अलावा झलमला से दोपहर 2 बजे प्रक्रिया केंद्र मरौद के लिए रवाना होंगे। वहां दोपहर 3 बजे कृषक संगोष्ठी में शामिल होकर शाम 5 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



## तुपकबोरा के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में किया गया पौधरोपण

**महासमुंद।** तुपकबोरा के पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के पौधरोपण किया गया। साथ ही नवपदाधिकारियों का गठन किया गया। शाला विकास समिति के पुनः अध्यक्ष हरीश दीवान बने। सभी पदावधिकारियों का भी गठन किया गया। इस अवसर पर सरपंच सावित्री ओकेश्वर दीवान, सरिता साहू प्रधानपाठक, मोहनलाल साहू शिक्षक, केदारनाथ साहू शिक्षक, कांति तेजन चक्रधारी, कपिल चक्रधारी सदस्य, बोधराम चक्रधारी वरिष्ठ पंच, संतराम दीवान पूर्व पंच, मनराखन साहू पंच, सियाराम साहू पंच, कुमार बघेल उपाध्यक्ष, भूषण दीवान सदस्य, दिनेश चक्रधारी, शिरिष चक्रधारी, कल्याण दीवान सदस्य, भारत यादव ,लुकेश दल सदस्य, सुनीता मरकाम सदस्य, भुनेश्वरी ध्रुव सदस्य, गोमती ध्रुव, जागृति, खेमीन दीवान, भुनेश्वरी, मानबाई यादव स्कूल स्वीपर, दसरु साहू, ओकेश्वर दीवान सरपंच प्रतिनीधि, पुरुषोत्तम, नोहर बरिहा व समस्त शाला विकास समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सोरम सिंघी में मनाया गया प्रवेशोत्सव, छात्रों को बांटे गणवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय प्राथमिक शाला सिंघी, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला एवं हाईस्कूल सोरम सिंघी में सामूहिक रुप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा वंदना के साथ शुरू हुई। अतिथियों द्वारा कक्षा पहली, छटवीं एवं नवमी के नवप्रवेशी छात्रों का तिलक, मिठाई व पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। बच्चों को गणवेश भी प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सोरम सिंघी के युवा सरपंच धनेश ध्रुव प्रवेश उत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को भविष्य निर्माण में शिक्षा बहुत जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनहरण साहू अध्यक्ष हाईस्कल ने की। संकुल सोरमसिंघी के संकुल प्राचार्य आरडी निराला ने नवप्रवेशी बच्चों को शिक्षा के महत्व बताते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में पालक राहुल साहू, रोहित चक्रधारी, शिक्षकगण जितेंद्र ठाकुर, संतोष दीवान, मुकेश कुमार ध्रुव, रूप सिंह दीवान प्रधान पाठक, पीतांबर पाठक प्रधान पाठक, रोहित पटेल, आलोक चंद्राकर, भीखम कश्यप, शबनम मिर्जा, प्रतिभा साहू, नूतन दुबे, राजेंद्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोरण सिंह ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य आरडी निराला ने किया।

# बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विभिन्न पहलुओं एवं प्रावधानों के बारे में की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश एवं स्नातक तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश की नवीनीकरण के लिए प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में एंबेसडर छात्र-छात्राओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समिति के संयोजक डॉ. ईपी चेलक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा प्रणाली के विभिन्न पहलुओं एवं प्रावधानों के बारे में चर्चा की। जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा की गुणवत्ता डिजिटल टेक्नोलॉजी, टेक्नोलॉजी एवं अन्य सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषयों की समावेशी पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही मुख्य प्रावधान 3 अथवा 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, मल्टी एग्जिट मल्टी एंट्री, क्रेडिट पॉइंट, सर्टिफिकेट डिप्लोमा डिग्री और ऑनर्स ऑनर्स की रिसर्च के बारे में एंबेसडर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। एनईपी सहसंयोजक डॉ रीता पांडे ने स्नातक तृतीय सेमेस्टर में करिकुलम के संबंध में बताया कि किस प्रकार यदि छात्र छात्राएं 4 वर्षीय ऑनर्स पाठ्यक्रम में जाना चाहते हैं तो अपने मुख्य विषय से संबंधित डीएसई करिकुलम को ही चयन कर आगे बढ़े अथवा जीई विषय का भी चयन कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं को करिकुलम के चयन संबंधी कुछ दिक्कत होने पर संबंधित विभाग अध्यक्ष और विषय विशेषज्ञ से संपर्क करने हेतु निर्देशित किया गया।



प्रोफेसर अजय कुमार राजा ने तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत क्रेडिट अंकों के संबंध में बताया कि प्रमोटेड, प्रमोटेड विथ बैकलॉग के साथ तृतीय सेम में नवीनीकरण कर प्रवेश ले सकते हैं। 50 प्रतिशत से कम क्रेडिट होने पर एक वर्ष के लिए रिटेन होंगे व अपने क्रेडिट को 50 प्रतिशत कर आगे बढ़ेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में प्राचार्य के द्वारा एंबेसडर छात्र-छात्राओं से प्रश्न भी पूछा गया। जिसमें किस प्रकार से प्रवेश की प्रक्रिया है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्या प्रावधान हैं और तृतीय सेमेस्टर में किस प्रकार प्रवेश ले सकेंगे, इस पर एंबेसडर छात्र जतिन कुमार एवं संस्कार तंबोली निकिता चंद्राकर ने जानकारी दी। तत्पश्चात प्राचार्य करुणा दुबे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य और प्रावधान एवं प्रवेश नीति को लेकर एंबेसडर छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर पर महाविद्यालय कैंपस ग्रामीण ग्रामीण स्तर ग्राम पंचायत, अपने गांव में जाकर जन सामान्य एवं छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बैठक का आयोजन कंप्यूटर विभाग में प्रोफेसर डॉक्टर अजय कुमार देवांगन के संचालन में सफलतापूर्वक की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक गण, महाविद्यालय परिवार सम्मिलित हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com




25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),

राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411